# शिव को मन में बसा | By Ram Kumar Lakha |

मन में तेरे जो अंधियारा
ले ले शिव का नाम है प्यारा
शिव को मन में बसा
शिव का ध्यान लगा

कर देंगे जीवन उजियारा
मिल जाएगा तुझको किनारा
शिव को मन में बसा
शिव का ध्यान लगा

भोले की भक्ति से भर ले खजाना
इनकी ही चौखट बना ले ठिकाना
चरणों में तू भी सिर को झुका ले
भोले बाबा ने सबको है तारा
शिव को मन में बसा
शिव का ध्यान लगा

मोल लगे ना कोई काम तेरा
दूर नहीं भोले बाबा का डेरा
मन में ही भोले का मंदिर बना ले
काहे को फिरता है तू मारा मारा
शिव को मन में बसा
शिव का ध्यान लगा

मन में तेरे जो अंधियारा
ले ले शिव का नाम है प्यारा
शिव को मन में बसा
शिव का ध्यान लगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a4%be-by-ram-kumar-lakha/